राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

प्रो. निष्ठा जसवाल डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त

राज्यपाल श्री मिश्र ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 4 मार्च। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शीमला की पूर्व कुलपति प्रो. निष्ठा जसवाल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

श्री मिश्र ने कुलपति पद पर यह नियुक्ति प्रो. निष्ठा जसवाल के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।